HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

**SY 03**

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2018

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

---

*उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :*

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें।*

Score

सूचना : **कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

मैं–ने उसके चेहरे से उसे
कभी नहीं पहचाना
केवल उस नंबर से जाना
जो उसकी लाल कमीज़ पर टँका होता ।
आज जब अपना सामान खुद उठाया
एक आदमी का चेहरा याद आया ।

**1.** कवि कुली को कैसे पहचानता था ? (1)

**2.** 'एक आदमी का चेहरा याद आया' – कब ? (1)

**3.** समकालीन संदर्भ से जोड़कर कवितांश की आस्वादन–टिप्पणी लिखें । (6)

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

Score

**सूचना : 4 से 7 तक के प्रश्नों में किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखें ।** (3×2=6)

4. 'तेरी ही यह देह तुझसे बनी हुई' – मातृभूमि से हमारा कैसा संबन्ध है ?

5. 'पारामारिबो शहर सूरीनामी नहीं एक भारतीय शहर जैसा लग रहा है ।'– लेखक को क्यों ऐसा अनुभव हुआ ?

6. 'हाय ! मुरझा रहे
दो सुरम्य सुकोमल रूप' – यहाँ दो सुकोमल रूप कौन–कौन हैं ?

7. 'घर में मेहमान थे और विवाह से संबंधित ज़रूरी काम भी ।' फिर भी पिताजी खेत चलने को तैयार हुए-क्यों ?

8. **सूचना : सही मिलान करें ।** (8×1=8)

| | | |
|---|---|---|
| Certificate | – | विकिरण |
| Physics | – | पारिस्थितिकी |
| Geography | – | मानविकी |
| Bacteria | – | परमाणु |
| Radiation | – | भूगोल |
| Humanities | – | जीवाणु |
| Atom | – | भौतिकी |
| Ecology | – | प्रमाणपत्र |

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर पाँच या छह वाक्यों में लिखें ।** (4×4=16)

9. जीवनवृत्त पढें और कुँवरनारायण के बारें में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | कुँवरनारायण |
| जन्म | : | 1927 सितंबर 19 फैज़ाबाद, उत्तर प्रदेश |
| रचनाएँ | : | चक्रव्यूह, अपना सामने, कोई दूसरा नहीं |
| विशेषता | : | तीसरा सप्तक के कवि |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ 2005 |
| मृत्यु | : | 15 नवंबर 2017 |

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

Score

10. 'नभ गुँजाती
    नीड़ गिरे शिशु पै
    मँड़राती माँ' – माँ की ममता अनुपम है । हाइक् के आधार पर अपना विचार लिखें ।

11. 'एक दफा सुना , जी न भरा, फिर कहा बेटा फिर सुनाना । फिर सुना । वह भी रोया । मेरी आँखें भी आँसुओं से भीग गईं । बेटी का खत बादशाह के लिए एक आँसुनामा था – क्यों ?

12. ये कथन पढ़ें –

- 'मैं प्यार से कभी उसको मुरकी बुलाती थी, कभी बुलाकी ।'
- 'मेरे जीते–जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा ।'
- राजवंती ऐसे रोई जैसे उसकी आँखों में सारी औरत जाति के आँसू मिले हुए थे ।

– राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

13. नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है ।
    सूर्य–चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है ।।
    नदियाँ प्रेम प्रवाह फूल तारे मंड़न हैं ।
    बंदीजन खग–वृंद, शेषफन सिंहासन है ।।

प्रकृति के कण–कण मातृभूमि का सौंदर्य बढ़ाता है । कवितांश के आधार पर स्पष्ट करें ।

सूचना : **गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14, 15 के उत्तर लिखें ।**

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का एक वचन दिया था, और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाएँ, पूरी तरह न सही, लेकिन बहुत हद तक आज रात बाहर बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा । एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है, जब हम पुराने को छोड़ नए की तरफ जाते हैं, जब एक युग का अंत होता है और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा, अपनी बात कह सकती है, यह एक संयोग है कि इस पवित्र मौके पर हम समर्पण के साथ खुद को भारत और उसकी जनता की सेवा, और उससे भी बढ़कर सारी मानवता की सेवा करने के लिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं ।

**14.** भारतवासी कौन सी प्रतिज्ञा ले रहे हैं ? **(2)**

**15.** गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

Score

**सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** (3×6=18)

**16.** 'वह भटका हुआ पीर' पाठ का अंश पढ़ें ।

'तू पानी पिलाया कर पुण्य मिलता है ।' माँ के इस कथन ने स्कूटरवाले के जीवन को बदल दिया । वह अपनी डायरी में इस घटना का उल्लेख करता है । स्कूटरवाले की डायरी **60-80** शब्दों में लिखें ।

- माँ का उपदेश
- मुफ्त में पानी-पिलाना
- लेखिका से परिचय
- लोगों से दिल का रिश्ता जोड़ना

**17.** 'मुरली की ध्वनि गोपिकाओं के मन को हर लेती है' । प्रणयातुर गोपिकाएँ आपस में बातचीत करती हैं । वह वार्तालाप लिखें ।

- मुरली की ध्वनि की मधुरिमा
- कृष्ण के प्रति अनुराग
- अपने को भूल जाना

**18.** 'कवि अनंग के नए कविता-संग्रह का प्रकाशन होनेवाला है । कविता संग्रह की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें ।

- रसीली कविताएँ
- विषय में विविधता
- कानपुर -प्रेस(Press) द्वारा प्रकाशित
- ग्रंथालयों के लिए कम दाम में

**19.** खंड का **हिंदी** में अनुवाद करें ।

When we present our experiences of a travel artistically it becomes a travelogue. The style of the author has a great role in making the travelogue interesting. There is no scope for any sort of imagination in it. It will be interesting when the past experiences are explained in simple language. On travelogue the author gives importance to facts only.

[experience – अनुभव, artistically – कलात्मक ढंग से, travelogue – सफरनामा, scope – गुंजाइश, imagination – कल्पना, importance – प्रमुखता, fact – तथ्य]

HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN HSSLiVE.IN

Score

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** (2×8=16)

**20.** 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' पाठ का अंश पढ़ें।

'मैं ज़मीन नहीं बेचता

बेचता हूँ हृदय ।'

बेटी की शादी के लिए पिता को ज़मीन बेचना पड़ता है । वह अपनी विवशता आत्मकथा में व्यक्त करता है । संकेतों के आधार पर आत्मकथांश **100-120** शब्दों में लिखें।

- ज़मीन से गहरा संबंध
- पिता का दायित्व निभाना
- ज़मीन की बिक्री
- परिवार के प्रति प्रेम

**21.** हिंदी भाषा का विश्व के तीस से अधिक देशों में तथा सौ विश्वविद्यालयों में अध्ययन और अध्यापन हो रहे हैं । 'विश्वभाषा के रूप में हिंदी का प्रचार-प्रसार' विषय पर एक भाषण **100-120** शब्दों में तैयार करें ।

- संसार की प्रमुख भाषाओं में एक
- बोलचाल में आसान
- सांस्कृतिक विकास में सहायक
- विश्व सौहार्द का संवाहक

**22.** 'मुरकी उर्फ बुलाकी' कहानी का अंश पढें ।

'कुमार की आँखें भर आई-शायद मर्द जात की कोई लाज रखने के लिए ।'

मुरकी की दर्दभरी कहानी ने कुमार के मन को विचलित कर डाला । वह अपने मन की पीड़ाएँ व्यक्त करते हुए मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें।

- बचपन की यादें
- मुरकी की शादी
- पति की उपेक्षा
- माँ का आश्रय देना
- मुरकी की मृत्यु

---